

DR. R.V. RAMANI

Dr. R.V. Ramani is the visionary founder and Managing Trustee of Sankara Eye Foundation, India (Sri Kanchi Kamakoti Medical Trust), serving the needy people in the field of community eye care. He is widely recognized across the world for his pioneering, self-sustainable 80:20 model, benefitting millions of the needy people across the Country.

2. Born on July 24, 1947, Dr. Ramani received his Medical Degree from Kasturba Medical College, Manipal. It was the summer of May 1977, inspired by the Sankaracharyas of Kanchi, Dr Ramani along with his wife, Dr. Radha Ramani set up a Charitable Medical Centre for the poor in Coimbatore. He turned into a public health activist, with the help of like-minded Doctors who offered voluntary services. With the support of Coimbatore's Resident Community and Corporates, he established 9 Medical Centre in Coimbatore, providing primary healthcare to around 1000 patients every day.

3. In 1985, Dr. Ramani's visionary mission of eradicating, 'Needless Blindness", took shape with the divine blessings of the Sankaracharyas of Kanchi. He established the first Sankara Eye Hospital in his hometown, Coimbatore, Tamilnadu. In1990, keeping in mind Mahatma Gandhi's dictum 'India lives in the villages', Dr. Ramani took up Rural Eye Care. He won the support of Rotary International and Rotary Coimbatore Central through a Health, Hunger and Humanity Grant for the first time in India and started the 'Gift of Vision" Program. His replicating 'Gift of Vision', programs around the country, over the span of 41 years, has established a network of 10 Super Speciality Eye Hospitals across 7 States of India with over 2,000 beds dedicated to community eye care.

4. Dr. Ramani's vision is to serve the underprivileged across India by establishing one Eye Hospital in every State of India. He has also extended capacity building services to other Developing Countries like Cambodia, Nigeria, Nepal and Seychelles. 'Rainbow", an innovative program conceptualized and implemented by Dr. Ramani, is a preventive eye care initiative for the children. He has established Sankara Academy of Vision, the capacity building arm, which trains the entire gamut of human resource from Doctors, Administrators, Optometrists to Vision Care Technicians.

5. Dr. Ramani is the recipient of numerous awards and honours including Regional Achievement Award, 2016; 19th Bhagwan Mahaveer Foundation Award for excellence in the sphere of Medicine, 2016; Global Performance Excellence Awards, 2015 for Quality Health Care Services by National Quality Organizations in Asian and Pacific countries. China ; IMC Ramakrishna Bajaj National Quality Excellence Award, 2014: Netra Neta Award by Swami Dayananda Saraswathi, 2013; The FICCI Healthcare Excellence Award 2009, 2010 and 2011; Sitaram R Jindal Prize, 2011 for Rural Development & Poverty Alleviation; For the sake of Honour Award by Rotary International; Meritorious Service Award of Lions International and Jaycees. Role Model of India Award 2000; Vaidya Ratna Award by Kanchi Sankaracharya etc.

पद्म श्री



डॉ. आर. वी. रमणी



डॉ. आर. वी. रमणी सामुदायिक नेत्र देखभाल के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की सेवा करने वाले शंकर आई फाउंडेशन, इंडिया (श्री कांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट) के दूरदर्शी संस्थापक और प्रबंध न्यासी हैं। आपको अपने अग्रणी, स्वावलंबी 80:20 मॉडल, जिससे देश भर के लाखों जरूरतमंद लोगों को लाभ हो रहा है, के लिए पूरी दुनिया में ख्याति मिली है।

2. आपका जन्म 24 जुलाई, 1947 में हुआ था। आपने कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाल से मेडिकल की डिग्री प्राप्त की। यह मई, 1977 का गर्मी का समय था जब आपने कांची के शंकराचार्य से प्रेरणा लेकर अपनी पत्नी, डॉ. राधा रमणी के साथ कोयम्बटूर में गरीबों के लिए चैरिटेबल मेडिकल सेंटर की स्थापना की। आप स्वैच्छिक समान सोच वाले ऐसे डॉक्टरों की सहायता से जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता बने जिन्होंने स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करने का मन बनाया। कोयम्बटूर के निवासी समुदाय तथा कॉरपोरेट्स की सहायता से आपने कोयम्बटूर में 9 मेडिकल सेंटर की स्थापना की जो प्रति दिन लगभग 1000 रोगियों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रहा है।

3. वर्ष 1985 में 'अनावश्यक दृष्टिहीनता' उन्मूलन करने का आपका दूरगामी मिशन कांची के शंकराचार्य के दिव्य आशीर्वाद से साकार हुआ। आपने अपने गृह नगर कोयम्बटूर, तमिलनाडु में प्रथम शंकर नेत्र अस्पताल की स्थापना की। वर्ष 1990 में महात्मा गांधी के विचार 'भारत गांवों में बसता है' को ध्यान में रखते हुए, आपने ग्रामीण नेत्र देखभाल सेवा आरंभ की। आपको भारत में पहली बार 'स्वास्थ्य, भूख एवं मानवता' अनुदान के माध्यम से रोटरी इन्टरनेशनल और रोटरी कोयम्बटूर सेंट्रल का सहयोग मिला और आपने 'गिफ्ट ऑफ विजय' कार्यक्रम शुरू किया। आपके द्वारा पूरे देश में 41 वर्षों की अवधि में 'गिफ्ट ऑफ विजन' कार्यक्रमों को लागू करने से भारत में 7 राज्यों में 10 सुपर स्पेशिलिटी नेत्र अस्पतालों, जिनमें 2000 से अधिक बेड हैं, का नेटवर्क स्थापित हुआ जो सामुदायिक नेत्र देखभाल के प्रति समर्पित है।

4. डॉ. रमणी का विजन भारत के प्रत्येक राज्य में एक नेत्र अस्पताल स्थापित करके पूरे भारत में सुविधा वंचित लोगों की सेवा करने का है। आपने कम्बोडिया, नाईजीरिया, नेपाल और सेशेल्स जैसे अन्य विकासशील देशों में भी क्षमता निर्माण सेवाएं प्रदान की है। आपके द्वारा परिकल्पित एवं कार्यान्वित 'रेनबो' नामक अभिनव कार्यक्रम, बच्चों के लिए एक निवारक नेत्र देखभाल पहल है। आपने शंकर अकादमी ऑफ विजन की स्थापना की जो एक ऐसी क्षमता संवर्धन शाखा है जो डॉक्टरों, प्रशासकों, नेत्र विशेषज्ञों से लेकर दृष्टि देखभाल संबंधी तकनीशियनों तक मानव संसाधन के संपूर्ण नेटवर्क को प्रशिक्षित करता है।

5. आपको कई पुरस्कारों और सम्मानों से नवाज़ा गया है जिनमें रीजनल अचीवमेंट अवार्ड, 2016; चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए 19वां भगवान महावीर फाउंडेशन पुरस्कार, 2016; एशिया और प्रशांत देशों, चीन में राष्ट्रीय गुणवत्ता संगठनों द्वारा गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए ग्लोबल परफॉरमेंस एक्सीलेंस अवार्ड, 2015; आईएमसी रामकृष्ण बजाज राष्ट्रीय गुणवत्ता उत्कृष्टता पुरस्कार, 2014; स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा नेत्र नेता पुरस्कार, 2013; फिक्की हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवार्ड , 2009, 2010 और 2011; ग्रामीण विकास एवं गरीबी उन्मूलन के लिए सीताराम आर जिंदल पुरस्कार; रोटरी इंटरनेशनल द्वारा फॉर द शेक ऑफ ऑनर अवार्ड; लायन्स इंटरनेशनल एंड जेयसी का सराहनीय सेवा पुरस्कार, रोल मॉडल ऑफ इंडिया अवार्ड 2000; कांची शंकराचार्य द्वारा वैद्य रत्न पुरस्कार आदि शामिल हैं।